आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 11.08.2025 समय : 07.10 PM

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार,

1- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में सांसदों के लिए 184 बहुमंजिला फ्लैटों का किया उद्घाटन, इन्हें एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना का प्रतीक बताया।
3- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देश के 35 लाख किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की 900 करोड़ दावा राशि जारी की।
3- प्रदेश में उत्साह के साथ मनाया जा रहा है हर घर तिरंगा अभियान, ग्वालियर में मुख्यमंत्री ने की सहभागिता।
4- एक पेड़ मां के नाम अभियान में अब तक प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में 9 लाख 90 हजार पौधों रोपे गए।

अब समाचार विस्तार से...

**प्रधानमंत्री - सांसद फ्लैट**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में बाबा खड़क सिंह मार्ग पर सांसदों के लिए नवनिर्मित 184 टाइप-7 बहुमंजिला फ्लैटों का उद्घाटन किया। **इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि 21वीं सदी भारत अपनी जिम्मेदारियों के प्रति संवेदनशील है और विकास के लिए आकांक्षी है।** उन्होंने कहा कि 2014 के बाद अब तक सांसदों के लिए लगभग 350 नए फ्लैटों का निर्माण किया गया है। श्री मोदी ने कहा कि विभिन्न राज्यों के सांसद इन आवासों में एक साथ रहते हैं। यह एक भारत-श्रेष्ठ भारत के दृष्टिकोण का परिचायक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि चार टॉवरों का नाम देश की महान नदियों के नाम पर दिया गया है। करोड़ों लोगों की जीवनदायिनी ये चार नदियां कृष्णा, गोदावरी, कोसी और हुगली हैं।

श्री मोदी ने इन फ्लैटों के निर्माण में शामिल सभी इंजीनियरों और श्रमिकों की भी सराहना की है। उन्होंने कहा कि इनके कठिन परिश्रम से यह परियोजना संभव हो सकी है।

**शिवराज - फसल बीमा**

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत देश के 35 लाख से अधिक किसानों को दावे के भुगतान के रूप में तीन हजार 900 करोड़ रुपये की राशि दी गई। राजस्थान के झुंझुनू में आज

एक कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार ने फसल बीमा योजना में व्यापक सुधार किए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार किसानों की आय बढ़ाकर उन्हें समृद्ध बनाने के लिए लगातार कई फैसले ले रही है। केंद्रीय मंत्री ने मिलावटी खाद और बीज बेचने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि किसानों के साथ धोखाधड़ी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए जल्द ही नया कानून लाने की तैयारी चल रही है। केंद्रीय कृषि मंत्री ने सब्जी उत्पाद किसानों के लिए नई योजना शुरू करने का ऐलान भी किया

**पर्यावरण कार्यशाला**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विकास और पर्यावरण संरक्षण के लिए योजनाबद्ध तरीके से सामंजस्य स्थापित हो, जिससे विकास के साथ प्रकृति भी संरक्षित रहें। उन्होंने भोपाल के बड़े तालाब का उदाहरण देते हुए बताया कि यह बिना किसी नदी की मुख्यधारा को रोके, प्राकृतिक चट्टानों के बीच पानी संग्रहित करने की तकनीक से बना था। यह तालाब केवल सजावट की वस्तु नहीं, बल्कि पीने के पानी का स्रोत भी है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने लोक निर्माण विभाग के ध्येय "लोक निर्माण से लोक कल्याण" को साकार करने की दिशा में 'पर्यावरण से समन्वय' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी-सह प्रशिक्षण कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर ये विचार व्यक्त किए।

**हर घर तिरंगा-फिल्म महोत्सव**

सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम द्वारा आयोजित देशभक्ति फिल्म महोत्सव आज से नई दिल्ली में शुरू हो गया है। यह महोत्सव स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत 13 अगस्त तक सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है। तीन दिवसीय महोत्सव का उद्देश्य लोगों में देशभक्ति की भावना को जगाना है। दिल्ली के कला और संस्कृति   मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान देश के हर घर को एक ध्वज के नीचे लाएगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान से लोगों में देशभक्ति की भावना मजबूत होगी और भाईचारा बढेगा।

**हर घर तिरंगा                    11**

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने आज मध्यप्रदेश के ग्वालियर में आयोजित तिरंगा यात्रा में सहभागिता की। सिटी सेंटर से शुरू हुई यात्रा आकाशवाणी से होते हुए कृषि विश्वविद्यालय पर संपन्न हुई। यात्रा में मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर सहित कई अन्य जन प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने हिस्सा लिया। यात्रा का जगह जगह बने मंचों से स्वागत किया गया।

अमर शहीदों की वेषभूषा में सजे बच्चे और कलाकार आयोजन का मुख्य आकर्षण रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए सभी नागरिकों से 'हर घर तिरंगा' अभियान से जुड़ने का आह्वान किया।

अशोकनगर जिले के आदर्श ग्राम फुटेरा पछार में आज भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी और स्थानीय लोगों ने भागीदारी की। आगरमालवा में पुलिस विभाग द्वारा विशाल तिरंगा यात्रा बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस भव्य रैली को पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मंडला में आयोजित पीएचई मंत्री संपतिया उईके, सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने जागरूकता रैली को रवाना किया। देवास जिले में तिरंगा रैली, तिरंगा वाहन रैली, रंगोली, पेंटिंग एवं अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। सीहोर जिले में राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 15 अगस्त तक 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता' अभियान चलाया जा रहा है। शिवपुरी जिले के लुकवासा में आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा बाइक से तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष जसवंत जाटव सहित विभिन्न पदाधिकारी इस तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। नर्मदापुरम जिले की ग्राम पंचायत सेमरी हरचंद में "हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता-स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग" अभियान के तहत रैली का आयोजन किया गया। अन्य जिलों से भी कार्यक्रम के आयोजन संबंधी समाचार मिले हैं।

**महाकाल सवारी**

उज्जैन में बाबा श्री महाकाल की पांचवी एवं भादों मास के पहले सोमवार की श्री महाकाल की सवारी आज निकाली गई। जिसमें कलेक्टर रौशन कुमार सिंह और नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देशानुसार श्रद्धालुओं को हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान की जानकारी दी गई। साथ ही श्रद्धालुओं से अभियान से जुड़ने का आग्रह किया गया। सवारी में हर घर तिरंगा अभियान,हर घर स्वच्छता कार्यक्रम अन्तर्गत स्वच्छता कर्मियों द्वारा सवारी निकलने के तुरंत बाद मार्गो की साफ़ सफ़ाई कर हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने और स्वच्छता का संदेश दिया गया।

**पौधरोपड़**

प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में 'एक पेड़ माँ के नाम 2.0' पौध रोपण अभियान 5 जून

2025 से स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा चलाया गया है। अभियान में अब तक करीब 9 लाख 90 हजार पौध रोपित किये जा चुके हैं। लगाए गये पौधों को मिशन लाइफ पोर्टल पर प्रदर्शित भी किया गया है। प्रदेश में विद्यालयों के आस-पास और परिसर में पूरी योजना के साथ पौध रोपण के निर्देश दिये गये है। विद्यालयों के प्राचार्यों को लगाए गये पौधों की सुरक्षा के समुचित उपाय किये जाने के निर्देश दिये गए है। प्रदेश में 92 हजार से अधिक शासकीय स्कूल हैं जहां ये अभियान चलाया जा रहा है। पौध रोपण कार्यक्रम आगामी 30 सितम्बर तक विद्यालयों में ईको क्लब के माध्यम से संचालित होगा।

**संक्षिप्त समाचार**

1- भोपाल के नरेला विधानसभा क्षेत्र में नरेला रक्षाबंधन महोत्सव' का आज शुभारंभ हुआ। इस वर्ष यह महोत्सव 'लव जिहाद' और नशे के खिलाफ लड़ाई को समर्पित है।

2- झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना की अध्यक्षता में जिले के निर्माणाधीन और पूर्ण कार्यों की समीक्षा की गई। जिसमें संबंधित अधिकारियों को नोटिस देने और लंबित कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए गए।

3- अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत श्योपुर के पीएम श्री महाविद्यालय ऑफ एक्सीलेंस के खेल परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

4- छतरपुर जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित 6 लोगों को बेहतर उपचार के लिए एवं एक मृतक के वारिस को आर्थिक सहायता राशि मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से स्वीकृत की गई है।

5- बैतूल कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने लंबित पेंशन प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

इस बुलेटिन में इतना ही, अगला बुलेटिन सुनिए सुबह 7 बजकर 10 मिनिट पर,

---------------------